भारतीय स्टेट बैंक


केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग
कोर्पोरेट केंद्र, मुंबई
(फोन: 022-2282 0427; ईमेल: crpd@sbi.co.in)





# HR AWARDS & ACCOLADES









### ET HUMAN CAPITAL AWARDS

- HR Leader of the Year – Large Scale Organization
- Excellence in Business Continuity Planning & Management
- Most Valuable Employer during COVID 19

### MARKSMEN DAILY AWARDS

- Most Preferred Workplace 2023-24

### GREENTECH HR AWARDS 2023

- Transformative HR Practices Award
- Employee Engagement Award
- Learning & Development Award
- Compensation & Benefits Award

# लिपिकीय संवर्ग (विशेषज्ञ संवर्ग) में आर्मरर्स (केवल भूतपूर्व सैनिकों/पूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए आरक्षित) और नियंत्रण कक्ष परिचालकों (केवल भूतपूर्व सैनिकों/राज्य अग्निशमन सेवा कर्मियों/पूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए आरक्षित) के पद के लिए भर्ती

## विज्ञापन संख्या: CRPD/ARMOURERS/2023-24/13

**1. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण: दिनांक 06.09.2023 से 05.10.2023 तक**

**2. ऑनलाइन परीक्षा की तारीख (संभावित): नवंबर/दिसंबर, 2023**

**3. ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करने की संभावित तारीख: परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले**

भारतीय स्टेट बैंक लिपिकीय संवर्ग (विशेषज्ञ संवर्ग) में आर्मरर्स (केवल भूतपूर्व सैनिकों/पूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए आरक्षित) और नियंत्रण कक्ष परिचालकों (केवल भूतपूर्व सैनिकों/राज्य अग्निशमन सेवा कर्मियों/पूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए आरक्षित) के पद पर नियुक्ति के लिए शारीरिक रूप से तंदुरस्त भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।

1. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा करते हों।
2. उम्मीदवार केवल एक राज्य में रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं. उम्मीदवार इस भर्ती परियोजना के तहत केवल एक बार परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं।
3. **उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेजों (विस्तृत जीवनवृत्त, आईडी प्रूफ, आयु का प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता आदि) को अपलोड करना आवश्यक है।**
4. दस्तावेजों के सत्यापन के बिना ऑनलाइन परीक्षा में प्रवेश अनंतिम होगा। साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार की उम्मीदवारीता, उनके द्वारा अपलोड किए गए सभी विवरणों/प्रलेखों की उनकी मूल प्रतियों से सत्यापन करवाए जाने पर ही मान्य होगी।
5. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और उसके द्वारा पात्रता मानदंड (आयु, शिक्षा, तकनीकी योग्यता आदि) को पूरा न करना पाया जाता है तो उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें चयनित उम्मीदवारों की सूची शामिल है)। आवश्यक होने पर कॉल लेटर/सूचना मात्र ई-मेल द्वारा भेजा जाएगा (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी)।
7. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई) बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किये जाएंगे।**
8. यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के समान अंक प्राप्त होते हैं, जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा।
9. कृपया इस कार्यालय को कागजी आवेदन और अन्य प्रलेखों की प्रतियां न भेजें।

## क. राज्य का विवरण/रिक्तियाँ/आयु/शिक्षा एवं तकनीकी योग्यता/परीक्षा का पैटर्न एवं चयन प्रक्रिया का विवरण:

### आर्मरर के पद के लिए

| क्रं. | मंडल | राज्य | रिक्तियाँ | |
|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | कुल |
| 1. | कोलकाता | पश्चिम बंगाल | 1 | 1 |
| 2. | चंडीगढ़ | जम्मू एण्ड कश्मीर (यूटी) | 1 | 1 |
| | | हिमाचल प्रदेश | 1 | 1 |
| | | पंजाब | 2 | 2 |
| 3. | चेन्नई | तमिलनाडु | 2 | 2 |
| 4. | दिल्ली | दिल्ली | 1 | 1 |
| | | उत्तराखंड | 1 | 1 |
| 5. | जयपुर | राजस्थान | 3 | 3 |
| 6. | तिरुवनंतपुरम | केरल | 1 | 1 |
| 7. | लखनऊ/दिल्ली | उत्तर प्रदेश | 2 | 2 |
| 8. | मुंबई मेट्रो | महाराष्ट्र | 1 | 1 |
| 9. | उत्तर पूर्वी | असम | 1 | 1 |
| 10. | पटना | बिहार | 1 | 1 |
| | **कुल** | | **18** | **18** |

| | |
|---|---|
| **कार्य की रूपरेखा** | • शाखाओं और कार्यालयों में जाकर हथियारों और गोलाबारूद का निरीक्षण करना।<br>• शस्त्रों और गोलाबारूद का फायरिंग के पूर्व और पश्चात का निरीक्षण करना और रेंजों में फायरिंग अभ्यास के दौरान सफाई का निरीक्षण करना।<br>• शस्त्रों की मरम्मत और रखरखाव।<br>• गार्ड्स को शस्त्र और गोला बारूद का प्रशिक्षण प्रदान करना।<br>• शस्त्र और गोलाबारूद के संबंध में सुरक्षा गतिविधियों से संबंधित कोई अन्य कार्य। |
| **आयु (01.08.2023 तक)** | न्यूनतम 20 वर्ष और अधिकतम 45 वर्ष है। |
| **शैक्षणिक योग्यता (01.08.2023 तक)** | कक्षा 10+2 परीक्षा या समतुल्य में न्यूनतम उत्तीर्ण या 10+2 के समतुल्य सशस्त्र बल प्रमाणपत्र |
| **तकनीकी योग्यता (01.08.2023 तक)** | (नीचे तालिका देखें) |
| **चिकित्सा उपयुक्तता** | केवल चिकित्सीय रूप से उपयुक्त उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं।<br>एई-1 या शेप-वन (भूतपूर्व सैनिकों/पू भूतपूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए)/युद्ध/ऑपरेशन में घायल हुए/ वीरता पुरस्कार से सम्मानित-न्यून चिकित्सा श्रेणी वाले उम्मीदवार। हालाँकि, उनकी चिकित्सकीय उपयुक्तता के लिए बैंक के डॉक्टर द्वारा उनका चिकित्सकीय परीक्षण भी किया जाएगा। राज्य अग्निशमन विभाग के कर्मियों को बैंक के डॉक्टर द्वारा चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किया जाना चाहिए। |

**तकनीकी योग्यता (01.08.2023 तक)**

| **बल** | **तकनीकी योग्यता** |
|---|---|
| **आर्मी** | सेवा में रहते हुए आर्मरर ग्रेड I होना चाहिए और इलेक्ट्रिकल एव मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) द्वारा संचालित आर्मामेंट कोर्स में प्रथम श्रेणी में पूर्णत: योग्यता प्राप्त होनी चाहिए। |
| **नौसेना** | गनरी ट्रेड से होना चाहिए और छोटे हथियारों पर एलडीजी क्यू कोर्स में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| **वायु सेना** | वेपन फिटर ट्रेड से होना चाहिए और छोटे हथियारों पर वेपन फिटर कोर्स में प्रथम श्रेणी में योग्यता होनी चाहिए। |
| **सीएपीएफ/एआर** | आर्मरर ट्रेड से होना चाहिए और संबंधित सीएपीएफ/एआर द्वारा संचालित बेसिक आर्मरर कोर्स में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए। |

**(भूतपूर्व सैनिकों/पूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए आरक्षित)**

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा का पैटर्न*:**

| क्रं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य जागरूकता | 10 | 20 | 1 घंटा |
| 2 | मात्रात्मक अभिरूचि | 10 | 20 | |
| 3 | तार्किक क्षमता | 10 | 20 | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान | 20 | 40 | |
| | **कुल** | 50 | 100 | |

i) **कोई अनुभागीय कट ऑफ नहीं है। मेरिट के लिए 100 में से प्राप्त कुल अंकों पर विचार किया जाएगा।** न्यूनतम अहर्त अंक (कुल अंक) अर्थात क्वालिफाईंग अंक बैंक के विवेक पर निर्धारित किए जाएंगे।

**संक्षेपाक्षर:** जनरल – सामान्य; भू.सै.– भूतपूर्व सैनिक, भूतपूर्व-सीएपीएफ/एआर– भूतपूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल/असम राइफल्स।

* ii) लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न क्षेत्रीय भाषाओं में सेट किए जाएंगे, अर्थात् नीचे दी गई तालिका के अनुसार अंग्रेजी और हिंदी भाषा के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू.

### नियंत्रण कक्ष परिचालक के पद के लिए

| क्रं. | मंडल | राज्य | रिक्तियाँ | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल | भू.सै. |
| 1. | अहमदाबाद | गुजरात | -- | 1 | 2 | 1 | 6 | 10 | 1 |
| 2. | अमरावती | आंध्र प्रदेश | -- | -- | -- | -- | 2 | 2 | -- |
| 3. | बेंगलूरु | कर्नाटक | -- | -- | -- | -- | 1 | 1 | -- |
| 4. | भोपाल | मध्य प्रदेश | 1 | 1 | 1 | -- | 5 | 8 | -- |
| | | छत्तीसगढ़ | -- | -- | -- | -- | 3 | 3 | -- |
| 5. | कोलकाता | पश्चिम बंगाल | -- | -- | -- | -- | 2 | 2 | -- |
| 6. | भुवनेश्वर | उड़ीसा | -- | -- | -- | -- | 2 | 2 | -- |
| 7. | चंडीगढ़/दिल्ली | हरियाणा | -- | -- | -- | -- | 2 | 2 | 1 |
| | | पंजाब | 4 | 0 | 3 | 1 | 7 | 15 | -- |
| 8. | चेन्नई | तमिलनाडु | 1 | | 2 | -- | 5 | 8 | -- |
| 9. | दिल्ली | दिल्ली | -- | -- | 1 | -- | 4 | 5 | -- |
| | | उत्तर प्रदेश | -- | -- | -- | -- | 1 | 1 | -- |
| 10. | हैदराबाद | तेलंगाना | -- | -- | 1 | -- | 5 | 6 | -- |
| 11. | जयपुर | राजस्थान | 1 | 1 | 1 | -- | 5 | 8 | -- |
| 12. | तिरुवनंतपुरम | केरल | -- | -- | 1 | -- | 3 | 4 | -- |
| 13. | महाराष्ट्र/मुंबई मेट्रो | महाराष्ट्र | -- | -- | 1 | -- | 7 | 8 | -- |
| 14. | उत्तर पूर्वी | असम | -- | -- | -- | -- | 2 | 2 | -- |
| 15. | पटना | बिहार | -- | -- | -- | -- | 2 | 2 | -- |
| | **कुल** | | **7** | **3** | **13** | **2** | **64** | **89** | **2** |

| | |
|---|---|
| **कार्य की रूपरेखा** | • शाखाओं/कार्यालयों के शस्त्रों और गोला-बारूद का निरीक्षण, शस्त्रों की छोटी-मोटी मरम्मत/रखरखाव करना, बैंक के सशस्त्र बलों को शस्त्रों और गोला-बारूद के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करना और<br>• सुरक्षा गतिविधियों/पदों से संबंधित कोई अन्य कर्तव्य। |
| **आयु (01.08.2023 तक)** | न्यूनतम 20 वर्ष और अधिकतम-<br>i. भूतपूर्व सैनिक/भूतपूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए छूट – ऊपरी आयु – 48 वर्ष।<br>ii. राज्य अग्निशमन सेवा कर्मियों के लिए छूट – ऊपरी आयु – 35 वर्ष। |
| **शैक्षणिक योग्यता (01.08.2023 तक)** | 50% अंकों के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण या 10+2 कक्षा के समकक्ष सशस्त्र बल विशेष प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री। |
| **अनुभव (01.08.2023 तक)** | न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा वाले भूतपूर्व सैनिक, भूतपूर्व -सीएपीएफ एवं एआर और राज्य अग्निशमन विभाग के कार्मिक। भवन सुरक्षा और आग से बचाव के उपायों और आपात स्थितियों से निपटने में सक्षम। भूतपूर्व सैनिक/सीएपीएफ/एआर/अग्निशमन विभाग के कार्मिक जेसीओ या समकक्ष रैंक के और अनुकरणीय चरित्र के होने चाहिए। **(भूतपूर्व सैनिकों/राज्य अग्निशमन सेवा कर्मियों/पूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए आरक्षित)** |
| **चिकित्सा उपयुक्तता** | केवल चिकित्सीय रूप से उपयुक्त उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं।<br>एई-1 या शेप-वन (भूतपूर्व सैनिकों/पू भूतपूर्व-सीएपीएफ/एआर के लिए)/युद्ध/ऑपरेशन में घायल हुए/ वीरता पुरस्कार से सम्मानित-न्यून चिकित्सा श्रेणी वाले उम्मीदवार। हालाँकि, उनकी चिकित्सकीय उपयुक्तता के लिए बैंक के डॉक्टर द्वारा उनका चिकित्सकीय परीक्षण भी किया जाएगा। राज्य अग्निशमन विभाग के कर्मियों को बैंक के डॉक्टर द्वारा चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किया जाना चाहिए। |

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा का पैटर्न*:**

| क्रं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य जागरूकता | 10 | 20 | 1 घंटा |
| 2 | मात्रात्मक अभिरूचि | 10 | 20 | |
| 3 | तार्किक क्षमता | 10 | 20 | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान | 20 | 40 | |
| | **कुल** | 50 | 100 | |

* i) **कोई अनुभागीय कट ऑफ नहीं है। मेरिट के लिए 100 में से प्राप्त कुल अंकों पर विचार किया जाएगा।** न्यूनतम अहर्त अंक (कुल अंक) अर्थात क्वालिफाईंग अंक बैंक के विवेक पर निर्धारित किए जाएंगे।

**संक्षेपाक्षर:** अ.जा. – अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. – अनुसूचित जनजाति; अ.पि.व. – अन्य पिछड़ा वर्ग; ईडब्ल्यूएस – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; जनरल – सामान्य संवर्ग; भू.सै.– भूतपूर्व सैनिक, भूतपूर्व-सीएपीएफ/एआर– भूतपूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल/असम राइफल्स।

* ii) लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न क्षेत्रीय भाषाओं में सेट किए जाएंगे, अर्थात् नीचे दी गई तालिका के अनुसार अंग्रेजी और हिंदी भाषा के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू.

*आवेदित राज्य के अनुसार परीक्षा के माध्यम की सूची:

| क्र. | राज्य/यूटी | परीक्षा का माध्यम | क्र. | राज्य/यूटी | परीक्षा का माध्यम | क्र. | राज्य/यूटी | परीक्षा का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अंग्रेजी/हिंदी/तेलुगू/उर्दू | 8. | हिमाचल प्रदेश | अंग्रेजी/हिंदी | 15. | पंजाब | अंग्रेजी/हिंदी/पंजाबी |
| 2. | असम | अंग्रेजी/हिंदी/आसामी/बंगाली | 9. | जम्मू एवं कश्मीर | अंग्रेजी/हिंदी/उर्दू | 16. | राजस्थान | अंग्रेजी/हिंदी |
| 3. | बिहार | अंग्रेजी/हिंदी | 10. | कर्नाटक | अंग्रेजी/हिंदी/कन्नडा | 17. | तमिलनाडु | अंग्रेजी/हिंदी/तमिल |
| 4. | छत्तीसगढ़ | अंग्रेजी/हिंदी | 11. | केरल | अंग्रेजी/हिंदी/मलयालम | 18. | तेलंगाना | अंग्रेजी/हिंदी/तेलुगू/उर्दू |
| 5. | दिल्ली | अंग्रेजी/हिंदी | 12. | मध्य प्रदेश | अंग्रेजी/हिंदी | 19. | उत्तर प्रदेश | अंग्रेजी/हिंदी/उर्दू |
| 6. | गुजरात | अंग्रेजी/हिंदी/गुजराती | 13. | महाराष्ट्र | अंग्रेजी/हिंदी/मराठी | 20. | उत्तराखंड | अंग्रेजी/हिंदी |
| 7. | हरियाणा | अंग्रेजी/हिंदी/पंजाबी | 14. | ओड़िशा | अंग्रेजी/हिंदी/ओडिया | 21. | पश्चिम बंगाल | अंग्रेजी/हिंदी/बंगाली |

**चयन प्रक्रिया:**

1. उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन परीक्षा (100 अंक) और साक्षात्कार (25 अंक) की प्रक्रिया द्वारा होगा।
2. न्यूनतम अहर्ता कुल अंक बैंक के विवेक पर निर्धारित किए जाएंगे।
3. ***यदि आवेदनों की संख्या कम होती है, तो बैंक ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के बदले में, शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के माध्यम से उम्मीदवार का चयन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।***
4. ऑनलाइन लिखित परीक्षा, अनंतिम रूप से, नवंबर/दिसंबर, 2023 को आयोजित की जाएगी।
5. ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर को बैंक की वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।
6. परीक्षा केंद्रों की एक अनंतिम सूची है–अहमदाबाद, बंगलोर, भुवनेश्वर, भोपाल, चंडीगढ़/मोहाली, चेन्नई, दिल्ली/एनसीआर, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई/नवी मुंबई/ठाणे/एमएमआर, पटना, तिरुवनंतपुरम और विजयवाड़ा। उम्मीदवारों को उस केंद्र का नाम चुनना चाहिए जहां वह परीक्षा में उपस्थित होना चाहते हैं। परीक्षा केंद्र के परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। ***हालाँकि, बैंक किसी भी केंद्र को जोड़ने या हटाने का अधिकार रखता है और ऑनलाइन आवेदन भरने के समय उम्मीदवार ने जो केंद्र चुना था, उसके अलावा कोई अन्य केंद्र भी आबंटित कर सकता है।***
7. **साक्षात्कार:** साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के अवरोही क्रम में तैयार की गयी राज्यवार/श्रेणीवार मेरिट सूची के शीर्ष स्थान से किया जायेगा। उपरोक्त सूची में उन्हीं उम्मीदवारों को शामिल किया जायेगा जो परीक्षा में बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करते हैं।
8. **मेरिट सूची:** (i) ऑनलाइन परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त किए गए अंकों (100 अंकों में से) को 40 अंक में परिवर्तित किया जायेगा और उम्मीदवारों के साक्षात्कार के अंक (25 अंकों में से) को 60 अंकों में परिवर्तित किया जायेगा। ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के परिवर्तित अंकों (कुल 100 में से) को जोड़ने के बाद अंतिम मेरिट सूची तैयार की जायेगी। उम्मीदवारों का चयन राज्य-वार/ श्रेणी वार मेरिट में शीर्ष स्थान वाले उम्मीदवारों में से किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति उसी राज्य में की जायेगी जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया गया है।

   (ii) यदि चयन की प्रक्रिया शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के माध्यम से होती है, तो अंतिम मेरिट सूची साक्षात्कार में प्राप्त अंको (100 अंकों में) के आधार पर तैयार की जाएगी और प्रत्येक राज्य-वार/श्रेणी-वार मेरिट में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से चयन किया जाएगा। उन्हें उसी राज्य में पोस्ट किया जाएगा जिस राज्य के लिए उन्होंने आवेदन किया है।
9. यदि एक से अधिक उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त होते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा।
10. **प्रोबेशन अवधि:** चुने गए उम्मीदवारों पर कार्यग्रहण के समय लागू बैंक के सेवा नियमों की निबंधन एवं शर्तें लागू होंगी। वे न्यूनतम 6 महीने के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। इसके अलावा, परिवीक्षा अवधि समाप्त होने से पहले, इन कर्मचारियों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा। उन कर्मचारियों की परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जा सकती है जिनका कार्य-निष्पादन बैंक की अपेक्षाओं को पूरा करने में विफल रहता है।

**नोट:**

i. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है।

ii. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है. उम्मीदवार के पास निर्धारित तिथि के अनुसार योग्यता/तकनीकी योग्यता होनी चाहिए।

iii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों।

iv. ओबीसी श्रेणी के ऐसे उम्मीदवार जो 'क्रीमी लेयर' में आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण एवं आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे। उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' के रूप में दर्शाना चाहिए।

v. ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप पर इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करना होगा कि वे 31.03.2023 को क्रीमी लेयर में नहीं आते है। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर ऐसे उम्मीदवारों द्वारा 01.04.2023 से साक्षात्कार की अवधि तक जारी किए गए ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें 'नॉन क्रीमी लेयर' वाक्य हो।

vi. अजा/अजजा/ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण-पत्र जमा करना होगा।

vii. **भूतपूर्व सैनिक:** (1) केवल उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की अधिसूचना सं. 36034/5/85 ईएसटीटी (एससीटी) दिनांक 27 अक्तूबर 1986 के अनुसार निर्धारित और समय-समय पर संशोधित की गई परिभाषा को पूरा करते हों। (2) सशस्त्र बलों से कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हुए उम्मीदवारों को, इस विज्ञापन में संलग्न प्रारूप 'ए' के अनुसार प्रमाण-पत्र जमा कराना होगा। (3) जो उम्मीदवार अभी भी सशस्त्र बलों में कार्यरत हैं, और भूतपूर्व-सैनिक श्रेणी में आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें घोषणा (प्रारूप 'सी') के साथ अपने स्पेसिफिक पीरियड ऑफ एंगेजमेंट (एसपीई) पूरा होने की तिथि दर्शाते हुए सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाण-पत्र (प्रारूप 'बी') जमा कराना होगा। इस भर्ती में आवेदन करने के लिए सिर्फ वे उम्मीदवार पात्र हैं जिनका एसपीई 01.07.2024 को या उससे पहले पूरा होता है। बैंक में कार्यग्रहण करते समय उन्हें कार्यमुक्ति संबंधी पत्र और इस बात की स्व-घोषणा देनी होगी कि, भारत सरकार के नियमों के अनुसार भूतपूर्व-सैनिकों को मान्य लाभ पाने का वह पात्र हैं। (4) जो उम्मीदवार अपने कार्य अनुबंध की आरंभिक अवधि पूरी कर चुके है और विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं, उन्हें प्रारूप 'डी' के अनुसार प्रमाण-पत्र जमा कराना होगा। चयन होने पर उपरोक्त (3) और (4) में वर्णित उम्मीदवारों को 01.09.2024 से पूर्व कार्यमुक्त होकर उन्हें बैंक में कार्यभार ग्रहण करना होगा। यह प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से ज्वाइनिंग के समय जमा कराने होंगे। (5) प्रादेशिक सैन्य कार्मिकों को 15.11.1986 से भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा। (6) वह सरकारी नौकरी में पुनर्नियोजित भूतपूर्व सैनिक का दर्जा भारत सरकार कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ओएम क्र. 36034/1/2014-ईएसटीटी (आरईएस) तारीख 14.08.2014 के अधीन होगा।

**ख. पारिश्रमिक: वेतनमान:** ₹17900- 1000/3 – 20900 – 1230/3- 24590- 1490/4- 30550- 1730/7- 42600- 3270/1- 45930- 1990/1- 47920.

**(चूंकि आर्मरर/नियंत्रण कक्ष परिचालक एक लिपिक पद है, इसलिए चयनित उम्मीदवारों को बैंक में समय-समय पर लागू विभिन्न नियमों/पंचाटों/समझौतों के अंतर्गत अवॉर्ड स्टाफ को देय परिलब्धियां अदा की जाएंगी।)**

**ग. ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

**क. ऑनलाइन परीक्षा:** उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट से अपना पंजीकरण संख्या और पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके, अपना ऑनलाइन परीक्षा का कॉल लेटर एवं स्वयं को परिचित करें पुस्तिका को डाउनलोड करना होगा। कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी।

**ख. साक्षात्कार:** साक्षात्कार के लिए सूचना/कॉल लेटर, जहां आवश्यक हो, ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी।

**ग. परीक्षा के समय प्रस्तुत की जाने वाली पहचान प्रमाण:** उम्मीदवारों को पासपोर्ट/आधार कार्ड/पैनकार्ड/ड्राइविंग लाईसेंस/मतदाता कार्ड/मूल प्रति में विधिवत् सत्यापित फोटो के साथ बैंक पासबुक जैसे एक फोटो पहचान प्रमाण और साथ ही उसकी एक स्व-सत्यापित फोटोकॉपी लानी होगी। परीक्षा हॉल में परीक्षकों को पहचान प्रमाण की एक फोटोप्रति कॉल लेटर के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए, ऐसा न करने पर या फिर यदि उम्मीदवार की पहचान संबंधी संदेह होने पर उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई:**

क) उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि आवेदन भरते समय ऐसा कोई विवरण न दें/जो असत्य, जाली/बनावटी हो एवं आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ।

ख) यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता हैः (i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर या अन्य व्यक्ति के स्थान पर परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या प्रश्नपत्र (अथवा उसका कोई भाग)/उत्तर पुस्तिका को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाने या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

- जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा।
- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित किसी भी भर्ती परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा।

ग) बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूंढ़ने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

घ) उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

i) जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है। इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ-साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

ii) उम्मीदवारों को उनके हित में यह सलाह दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता।

iii) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

**आइरिस/बायोमेट्रिक सत्यापन:** बैंक विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों के फोटो और अंगूठे या आइरिस की निशानी उम्मीदवारों की वास्तविकता के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए डिजिटल प्रारूप में प्राप्त कर सकता हैं। उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि उसका उसकी अंगूठे या आइरिस की सही निशानी विभिन्न चरणों में ली गई है और किसी भी असंगति से उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा, उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी। इस प्रकार उन्हें सूचित किया जाता है कि अपने हाथों पर मेहंदी, स्याही, रासायनिक आदि जैसे किसी बाहरी पदार्थ को न लगाएं।

**घ. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवारों की सक्रिय ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए। इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी।

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:**

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें।

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें। ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार ('प्रलेख अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती।

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें। आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद तो उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें। यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है। जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे लें।** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए ही होगी। आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें।

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें।

**शुल्क के भुगतान हेतु दिशानिर्देश: कोई शुल्क नहीं।**

**ङ. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त जीवनवृत्त (पीडीएफ)
ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iv. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/ प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
v. तकनीकी योग्यता प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
vi. डिस्चार्ज बुक/पेंशन आदेश (पीडीएफ)
vii. (फॉर्म-16) (पीडीएफ)
viii. नवीनतम फोटोग्राफ
ix. हस्ताक्षर

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए।
ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी के बीच का और आयाम 200X230 पिक्सल तक होना चाहिए।
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो।
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें।
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े।
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड-आई नहीं है।
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है। धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए।
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें।

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें।
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति।
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर करें।
iv. यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी।
v. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो।
vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है।
vii. अंग्रेज़ी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे।

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी प्रलेख पीडीएफ प्रारूप में हों।
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो।

**प्रलेखों को अपलोड कैसे करें (जारी.....):**

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो।
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें। यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं।

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें।
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें।
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें।
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है।
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा। स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट से जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं। इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा। इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है। इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं।
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके।

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए जाएंगे।
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें।
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है।
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें।
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा।
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे।
vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं।** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/ सकती है। **फोटो से चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा।**

च. **सामान्य जानकारी:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है।

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, वैसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों।

iii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा। इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है।

v. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो। यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचरण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी।

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल को सक्रिय रखें।

vii. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

viii. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें।

x. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें, क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/ अक्षमता/ फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए। यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन प्रक्रिया संबंधी सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा।

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकद्मा किया जा सकता है।

xiii. यदि जहां भर्ती का तरीका किसी लिखित परीक्षा के बिना केवल साक्षात्कार है, केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होता है। उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संदर्भ में प्रारंभिक जांच/ शॉर्ट-लिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए केवल अपेक्षित संख्या में उम्मीदवारों को बुलाने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

xiv. एकाधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा। एक ही पद के लिए उम्मीदवार के अलग-अलग तरह से प्रस्तुत होने पर उसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा/ उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा।

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहि मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं। किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा।

xvi. साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुध्द लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा। बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है। बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

xvii. उम्मीदवारों को अपनी लागत पर ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा।

xviii. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे।

किसी पूछताछ के लिए, कृपया हमसे **"CONTACT US"** लिंक के ज़रिए लिखें,
जो बैंक की वेबसाइट **(URL - https://bank.sbi/careers/psq.htm?action=pquery** या
**https://sbi.co.in/careers/psq.htm?action=pquery)** पर उपलब्ध है।

**मुंबई**
**दिनांक: 06.09.2023**

**मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हो, तो उसके लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा।**
**किसी भी विवाद की स्थिति मे अंग्रेजी मे ज़ारी विस्तृत विज्ञापन की शर्तें मान्य होंगी।**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी और पीएम)**

### प्रारूप – ए

**कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए लागू प्रमाण–पत्र का फॉर्म**

प्रमाणित किया जाता है कि क्र................................................. रैंक...................................... नाम.......................................................................................................... जिनकी जन्मतिथि .................................. है, ने थलसेना/ नौसेना/ वायुसेना/ सीएपीएफ/ एआर/राज्य अग्निशमन विभाग में ...................................... से ........................... तक अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

2. वह सैन्य सेवाओं से कार्यमुक्त हुए हैंः

% क) असाइन्मेंट पूरा होने पर, परंतु निम्न कारणों से नहीं

(i) बर्खास्तगी द्वारा, या

(ii) दुर्व्यवहार या अकार्यकुशलता के कारण सेवा से अलग करने पर, या

(iii) उनके स्वयं के आग्रह पर लेकिन अपनी पेंशन अर्जित किए बिना, या

(iv) वह ऐसी रिलीज़ के लंबित होने के कारण रिज़र्व में स्थानांतरित नहीं किए गए हैं

% ख) सैन्य सेवा के कारण शारीरिक विकलांगता

% ग) सैन्य सेवा के कम से कम पांच वर्ष की सेवा के बाद निःशक्तता पर

3. उसे भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनःनियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय–समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत शामिल किया गया है।

स्थानः **सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर,नाम और पदनाम****

दिनांकः **मुहर**

% लागू न हो वह पैराग्राफ काट दें।

### प्रारूप – सी

**एक वर्ष में कार्यमुक्त होने वाले**
**सेवारत सशस्त्र बल कर्मचारी द्वारा शपथपत्र दिया जाए**

(1) मै यह जानता हूँ कि, इस आवेदन–पत्र से संबंधित भर्ती/परीक्षा के आधार पर चयनित होने पर, मेरी नियुक्ति, नियुक्ति कर्ता प्राधिकारी को संतोषजनक दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने के अध्यधीन होगी, कि मै सशस्त्र बलों से बकायदा कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त/सेवामुक्त हूँ और मै भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनः नियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय–समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत मान्य लाभों के लिए पात्र हूँ।

(2) मै यह भी जानता हूँ कि इस परीक्षा में शामिल किए गए भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्त–पद के लिए उस स्थिति में नियुक्ति का पात्र नहीं रहूंगा जब ऐसी नियुक्ति से पहले कभी भी मैंने, भूतपूर्व सैनिकों को मान्य रिक्त–पदों के आरक्षण की रियायत का लाभ लेकर सिविल पक्ष (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय/वैधानिक निकाय, राष्ट्रीयकृत बैंक आदि) में कोई रोजगार प्राप्त कर लिया हो।

स्थानः **हस्ताक्षर**

दिनांकः **उम्मीदवार का नाम**

### प्रारूप – बी

**सेवारत कर्मचारी के प्रमाण–पत्र हेतु फॉर्म**
**(उन सेवारत कर्मचारियों के लिए लागू जो एक वर्ष में कार्यमुक्त होनेवाले हैं)**

प्रमाणित किया जाता है कि, क्र........................................ रैंक...................................

नाम............................................................................ थलसेना/नौसेना/वायुसेना/सीएपीएफ/

एआर/राज्य अग्निशमन विभाग में............................................ से सेवारत हैं।

2. वह असाइन्मेंट की निर्दिष्ट अवधि पूरी होने पर कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

3. उनके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्रवाई लंबित नहीं है।

स्थानः

दिनांकः

**सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर,नाम और पदनाम****

**मुहर**

### प्रारूप – डी

**अपना आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके और विस्तारित असाइन्मेंट पर**
**कार्यरत कर्मचारियों के लिए लागू प्रमाण–पत्र का फॉर्म**

प्रमाणित किया जाता है कि, क्र.................................................... रैंक ...................................

नाम.......................................................................................................................... जिनकी जन्मतिथि................................... है, ................................................................. से थलसेना/नौसेना/वायुसेना में सेवारत हैं।

2. वह.............................. को अपना पांच वर्ष का आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके हैं और ........................... तक विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं।

3. सिविल रोजगार के लिए उनके आवेदन करने पर हमें कोई आपत्ति नहीं है और चयनित होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि से उन्हें तीन माह की सूचना में कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

स्थानः

दिनांकः

**सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर,नाम और पदनाम****

**मुहर**

** आयु में रियायत प्राप्त करने के लिए सशस्त्र बलों को प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए निम्नलिखित सक्षम प्राधिकारी हैंः
(अ) ईसीओ/एसएससीओ सहित कमीशन्ड अधिकारियों के मामले मेंः **थलसेना**ः मिलिट्री सेक्रेटरी ब्रांच, थलसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; **नौसेना**ः कार्मिक निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; **वायुसेना**ः कार्मिक अधिकारियों का निदेशालय, वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली। (ब) जेसीओ/ओआर और नौसेना तथा वायुसेना के समकक्ष पदों के लिएः **थलसेना**ः विभिन्न रेजिमेंट रिकॉर्ड कार्यालयों द्वारा; **नौसेना**ः बीएबीएस, मुंबई; **वायुसेना**ः वायुसेना रिकॉर्ड्स, नई दिल्ली। **सीएपीएफ:** संबंधित बलों का संबंधित निदेशालय, **एआर:** असम राइफल्स निदेशालय, **राज्य अग्निशमन विभाग:** राज्य अग्निशमन विभाग का संबंधित निदेशालय।